# सिर्फ ग्रीन पटाखों की होगी बिक्री

## सुरक्षा और दूरी पर प्रशासन सख्त

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल,11 अक्टूबर. त्योहार नजदीक आते दिनों में बाजारों में हलचल तेज हो गई है. शहर में सात स्थानों पर पटाखा बाजार लगाए जाएंगे, जिसमें कुल 932 दुकानों को लाइसेंस जारी कर दिए हैं. जानकारी के अनुसार प्रत्येक दुकानदार को पचास किलोग्राम तक पटाखे रखने की अनुमति दी गई है.**

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं. उन्होंने कहा है कि दुकानों के बीच पंद्रह मीटर की दूरी रखी जाएगी और बीस मीटर के दायरे में पानी की उपलब्धता अनिवार्य होगी. वहीं बता दें इस बार बिट्टन मार्केट दशहरा मैदान की जगह बदल दी गई है. यह मैदान अब एक इवेंट कंपनी को आवंटित हो चुका है, इसलिए पटाखा व्यवसायियों को नया स्थान दिया जाएगा.




इस वर्ष केवल ग्रीन पटाखों की बिक्री की अनुमति दी गई है. बाजार में सुतली बम, रॉकेट, अनार, चकरी और फुलझड़ी जैसे कम ध्वनि और कम प्रदूषण वाले पटाखों की मांग बढ़ी है. रस्सी बम और तेज आवाज वाले पटाखे प्रतिबंधित हैं. थोक पटाखा एसोसिएशन अध्यक्ष आसनदास चंदनानी ने कहा कि एसडीएम जल्द से जल्द फुटकर कारोबारियों के लाइसेंस जारी करें, जिससे थोक दुकानों पर भीड़ नहीं रहेगी. इसके साथ पटाखों का भंडारण भी कम हो जाएगा.

दूसरी तरफ प्रशासन ने आदेश दिया है कि पंद्रह अक्टूबर को संबंधित नजूल और एसडीएम कार्यालयों में लॉटरी के माध्यम से लाइसेंस आवंटित किए जाएंगे. इसके बाद 16 अक्टूबर से दुकानों की सजावट और बिक्री शुरू हो जाएगी. फिलहाल शहर में चार क्षेत्रों में अठारह गोदामों को लाइसेंस दिए गए हैं. इनमें जमुनिया झीर, सनसिटी गार्डन, माधव आश्रम और वृंदावन गार्डन शामिल हैं. जबकि बैरागढ़, गोविंदपुरा और टीटी नगर सहित अन्य इलाकों में छोटी दुकानों की संख्या अधिक रहेगी.

### कारोबारियों को करना होगा गाइडलाइन का पालन

1. टीन शेड में बिकेंगे पटाखे
2. दुकान में रखना पड़ेगा फायर एक्सटिंग्विशर
3. रेत की बाल्टियां रखनी पड़ेंगी
4. बिजली की वायरिंग नई होनी चाहिए
5. दो अस्थाई दुकानों में कम से कम तीन मीटर की दूरी रहेगी
6. आतिशबाजी की दुकानें आमने-सामने नहीं होनी चाहिए

### फुटकर दुकानों की अनुमानित संख्या

| स्थान | | दुकानें |
|---|---|---|
| हुजूर | - | 64 |
| कोलार | - | 180 |
| बैरसिय | - | 188 |
| बैरागढ़ | - | 110 |
| गोविंदपुरा | - | 190 |
| शहर | - | 120 |
| टीटीनगर | - | 80 |
| **कुल** | - | **932** |

# एमपी को मिले 3665 करोड़ के निवेश प्रस्ताव

## मप्र ट्रेवल मार्ट : मुख्यमंत्री ने पत्रकार वार्ता में दी जानकारी

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, राजधानी भोपाल में शनिवार से शुरू हुए तीन दिनी मप्र ट्रेवल मार्ट में प्रदेश को 3665 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं.**

यह जानकारी शनिवार को देर रात कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशलन कन्वेंशन सेंटर में पत्रकारों से चर्चा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दी. उन्होंने बताया कि इस निवेश से प्रदेश में समृद्धि और रोजगार के नये द्वार खुलेंगे. सीएम ने कहा कि अब प्रदेश में प्रतिवर्ष इसी तरह का ट्रेवल मार्ट होगा, जो कि प्रदेश को पर्यटन के क्षेत्र में देश और दुनिया में नई पहचान देगा. उन्होंने कहा कि ये निवेश राशि केवल वित्तीय आंकड़ा नहीं है. यह हमारी सरकार की नीतियों में और मप्र के भविष्य में देश के निवेशकों के अटूट विश्वास का प्रतीक है. इस निवेश से इस क्षेत्र में हजारों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे.जो हमारे युवाओं को नई उड़ान देंगे. मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में तीन सेक्टर में हेलीकॉप्टर सेवा भी शीघ्र ही शुरू होगी, इसके लिये तैयारी कर ली गई है. ये सेवा प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों , धार्मिक स्थलों, राष्ट्रीय उद्यानों के बीच सुलभ हवाई सेवा प्रदान करेगी. सीएम ने कहा कि हमारा प्रदेश किसी स्वर्ग से कम नहीं है. यहां बाघों को उनकी प्राकृतिक शान में विचरते देखा जा सकता है.

### ये हैं प्रदेश के प्रमुख निवेशक -

| निवेशक - | कंपनी, संस्था - | निवेश राशि करोड़ में |
|---|---|---|
| विनायक कालानी - | ट्रेजर ग्रुप - | 600 |
| सुमरध्वज ब्रहमभट्ट - | दी मालवा क्लब इंदौर प्रा. लि. - | 500 |
| जगदीश कुमार अरोरा - | सोम ग्रुप - | 500 |
| विवेक लढानी - | एसएलएमजी बेवरेजेस प्रा.लि. - | 300 |
| जीतेंद सिंह - | एमआरव्हीएच रिसोर्ट्स - | 250 |
| अनिरुद्ध कांडपाल - | पोस्ट कार्ड होटल - | 250 |
| मनोज सिंह - | आर्बिट रिसोर्ट्स - | 200 |
| राजेन्द्र प्रताप सिंह - | ओम साईं ट्रेडर्स - | 125 |
| जितेश अम्बावनी- | जितेश अम्बावनी कॉन्ट्रेक्टर्स - | 120 |
| अभिषेक दुबे - | अरण्यक रिसोर्ट - | 100 |
| पंकज फुलवानी - | रेनी - | 100 |
| प्रशांत दरयानी - | असेंजा रिसोर्ट - | 100 |

# बच्ची की मौत पर कलेक्टर का एक्शन

## सीएमएचओ और टीम को बेगमगंज भेजकर कराई जांच

**बेगमगंज, 11 अक्टूबर. झोलाछाप के इलाज से एक मासूम की मौत होने पर कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने जांच के लिए सीएमएचओ को शुक्रवार रात में ही बेगमगंज भेजा.**

पीड़ित के घर पहुंचकर रात 11 बजे सीएमएचओ ,एसडीएम, बीएमओ, तहसीलदार एवं थानाप्रभारी की संयुक्त टीम ने परिजनों के कथन लिए एवं बच्ची को दिए गए चारों सीरप की शीशियां जब्त कर पंचनामा बनाकर सीलबन्द किया.

नगर के खिरिया नारायण दास मोहल्ला माता मंदिर के पास रहने वाले महेश साहू की 36 दिन की बेटी को सर्दी -बुखार होने पर उन्होंने मम्मा डॉक्टर को दिखाकर उसका इलाज कराया था. उक्त डॉक्टर के द्वारा 4 सीरप की शीशी दी गई थी जिन्हें पिलाने के बाद बच्ची की मौत हो गई थी. जिसका समाचार प्रमुखता से समाचार पत्र में प्रकाशित होने पर प्रशासन द्वारा गंभीरता से संज्ञान लेकर जांच कराई गई. कलेक्टर के निर्देशानुसार बीती शुक्रवार की रात 11 बजे सीएमएचओ डॉ.एचएन मांडरे, बीएमओ डॉ. नितिन सिंह तोमर, एसडीएम सौरभ मिश्रा, तहसीलदार प्रमोद उइके एवं थानाप्रभारी राजीव उइके की संयुक्त टीम ने मामले की जांच में परिजनों में मृतक बच्ची राधिका के पिता महेश साहू एवं उसकी मां के बयान लिए.

# भेल में 42 नए प्रशिक्षुओं के लिए प्रशिक्षण शुरू



**बीएचईएल संवाददाता**

**भोपाल, 11 अक्टूबर. भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) भोपाल के मानव संसाधन विकास केंद्र (एचआरडीसी) द्वारा दक्षता-2025 के तहत 42 नव नियुक्त इंजीनियर प्रशिक्षुओं (ईटी) के लिए 60 दिवसीय कॉमन इंडक्शन लर्निंग (सीआईएल-एम3) कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया.**

ये प्रशिक्षु पावर सेक्टर के पूर्वी, पश्चिमी, उत्तरी और दक्षिणी क्षेत्रों के साथ-साथ सीएफएफपी हरिद्वार और एचईपी भोपाल इकाइयों से संबंधित हैं.

इस अवसर पर एचईपी-बीएचईएल भोपाल के महाप्रबंधक एवं इकाई प्रमुख प्रदीप कुमार उपाध्याय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. उन्होंने अपने संबोधन में सीओपी-21 के बाद के दौर में बीएचईएल के सशक्त प्रदर्शन पर प्रकाश डाला.

उन्होंने कहा कि भारत नवीकरणीय ऊर्जा प्रतिबद्धताओं और आवश्यक तापीय क्षमता विस्तार के बीच संतुलन बनाए रखते हुए रुपये 2 लाख करोड़ से अधिक की मजबूत ऑर्डर बुक हासिल कर चुका है. टी.यू. सिंह, महाप्रबंधक (मानव संसाधन प्रबंधन) ने नए प्रशिक्षुओं को टीमवर्क की भावना विकसित करने और प्रभावी क्रियान्वयन पर बल देने की सलाह दी.



# मोदी का लाइव प्रसारण देखा

**बैरसिया, 11 अक्टूबर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को दिल्ली के भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में विशेष कृषि कार्यक्रम के तहत किसानों से बातचीत की एवं 42 हजार करोड़ रुपए से अधिक की कृषि परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया.**

बैरसिया कृषि उपज मंडी में मंडी सचिव सुनील कुमार भालेकर ने इसका सीधा प्रसारण कृषकों , गल्ला व्यापारियों और हम्माल -तुलावटियों के साथ गणमान्य नागरिकों ने देखा. इस अवसर पर जानकी दास बैरागी अध्यक्ष व्यापारी संघ, रमेश साहू वरिष्ठ व्यापारी, विनय सिंह पटेल प्रतिनिधि किसान संघ, व्यापारीगण जगदीश साहू, मोनू माहेश्वरी, महेंद्र साहू, यतीश शर्मा, अमित साहू, प्रदीप शर्मा, पंकज साहू उपस्थित थे.

# शराब दुकान को पुलिस ने कराया बंद

**भोपाल.** शहर के टीटी नगर क्षेत्र में संचालित शराब की दुकान को शनिवार की सुबह से बंद करने की पुलिस ने कार्रवाई की. मिली जानकारी के अनुसार जीटीवी कॉम्पलेक्स कंपोजिट शराब की दुकान हर रोज सुबह 7 से खुल जाती है. यहां पर शराबी इकट्ठा हो जाते हैं.

शराब की दुकान सुबह से खुलने के चलते अन्य दुकानें भी सुबह से ही खुल जाती है. शराबियों के यहां जमा होने के चलते स्कूल और ऑफिस जाने वाले बच्चों और युवाओं को परेशान का सामना करना पड़ता है. शराबियों का जमावड़ा लगने की शिकायत स्थानीय पुलिस से लोग पहले भी कर चुके हैं.

# आटो से बदमाशों ने की बैटरी चोरी, मामला दर्ज

**भोपाल.** राजधानी की अप्सरा टॉकीज के पास खड़े आटो की बैटरी बदमाशों ने रात के समय चोरी की. यहां पेट्रोल पंप के पास ऑटो खड़े किए जाते हैं. शुक्रवार की देर करीब 2 बजे सवारी ऑटो में सवार होकर आए बदमाशों ने बैटरी चोरी की वारदात को अंजाम दिया. लोडिंग ऑटो की बैटरी के साथ ही अन्य सामान चोरी करने की घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है. ऐशबाग थाना क्षेत्र के निवासी आसिफ नामक युवक के लोडिंग वाहन से बैटरी चोरी हुई है. आसिफ ने बताया कि चोर बैटरी के साथ अन्य सामान भी चोरी कर ले गए. ऐशबाग थाना में पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी. पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेकर जांच शुरू कर दी है.

# समृद्धि के शिखर पर माता-पिता को न भूलें

**सतना, 11 अक्टूबर. राज्यपाल एवं कुलाधिपति मंगुभाई पटेल ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान प्राप्त करना नहीं, बल्कि वंचित समुदाय के उत्थान का मार्ग प्रशस्त करना है.**



उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे समृद्धि और सफलता के शिखर पर पहुँचकर अपने माता-पिता, समाज, देश और शिक्षकों को कभी न भूलें. समृद्धि पुरुषार्थ से मिलती है, परंतु इसके साथ उदारता का समावेश भी होना चाहिए. राज्यपाल पटेल महत्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के 13वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि नानाजी देशमुख द्वारा स्थापित इस विश्वविद्यालय में अध्ययन करना विद्यार्थियों के लिए सौभाग्य की बात है. नानाजी के विचारों से प्रेरणा लेकर विद्यार्थियों को राष्ट्र और समाज कल्याण के लिए कार्य करना चाहिए. समारोह के मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि यह विश्वविद्यालय राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख की जन्म जयंती पर आयोजित दीक्षांत समारोह के माध्यम से उनके आदर्शों को स्मरण करता है. नानाजी का दृष्टिकोण नई शिक्षा नीति में निहित है. उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में युवाओं, किसानों और उद्योगपतियों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी. राष्ट्रीय शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सचिव डॉ. अतुल कोठारी ने कहा कि विद्यार्थी तभी सफल है.

> दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन ने कहा कि नानाजी ने 75 वर्ष की आयु में चित्रकूट को अपनी कर्मभूमि बनाकर समाज परिवर्तन की दिशा में कार्य किया. कुलगुरु प्रो. भरत मिश्रा ने स्वागत भाषण एवं प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि विश्वविद्यालय को इष्ट द्वारा ए डबल प्लस ग्रेड से सम्मानित किया गया है.

# चोरी, नकबजनी की 2 घटनाओं का खुलासा

**भोपाल.** रातीबड़ थाना पुलिस ने चोरी, नकबजनी की 2 घटनाओं का शनिवार को खुलासा किया. चोरी की घटना में उपयोग किए गए औजार, स्कूटी सहित चोरी का सामान, जिसमें कॉपर वायर, पीतल के बुश के साथ अन्य इलेक्ट्रिक सामान बरामद किए गए है. जिसकी अनुमानित कीमत करीब 3.5 लाख रुपए आंकी गई है. तीन दोस्त मिलकर चोरी की साजिश रचकर अंजाम देते थे. आरोपी हार्डवेयर दुकानों की दिन में रैकी करते थे. रात के समय मौका मिलते ही ताला तोड़कर दुकान के अंदर रखे कॉपर वायर सहित महंगे सामान की चोरी करते थे. आरोपियों में से एक व्यक्ति दुकान का ताला तोड़कर चोरी करता था और उसके साथी बाहर रहकर निगरानी करते थे.

# जनप्रतिनिधियों ने लगाई झाड़ू, डस्टबिन बांटे

## बैरसिया नगर में स्वच्छ जोड़ी अभियान का शुभारंभ

**बैरसिया, 11 अक्टूबर. स्वच्छ भारत मिशन के तहत बैरसिया नगर पालिका द्वारा स्वच्छ जोड़ी अभियान की शुरुआत की गई. इस अवसर पर भोपाल महापौर मालती राय, क्षेत्रीय विधायक विष्णुखत्री, नगर पालिका अध्यक्ष तनुश्री कुलदीप सिंह राठौड़ ने नगर में झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया.**



अभियान के दौरान नगर के मुख्य मार्गों और दशहरा मैदान क्षेत्र में पार्षदों और नागरिकों ने सामूहिक रूप से सफाई की . नगरपालिका के कर्मचारियों द्वारा सड़क किनारे और सार्वजनिक स्थलों की सफाई के साथ-साथ नागरिकों को डस्टबिन भी वितरित किए गए. इस अवसर पर नपा अध्यक्ष तनुश्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का सपना है कि देश स्वच्छ और सुंदर बने. बैरसिया को स्वच्छ बनाने के लिए नगरवासियों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है. सभी नागरिक कचरा डस्टबिन में डालें और सफाई कर्मियों को सहयोग करें.

# पुलिस ने अवैध गैस रिफलिंग के अड्डे पर मारा छापा

## कार में रिफलिंग की जा रही थी घरेलू गैस

**भोपाल, 11 अक्टूबर. टीला पुलिस ने अवैध गैस रिफलिंग के अड्डे पर शनिवार को छापेमार कार्रवाई की. पुलिस की रेड के दौरान एक घरेलू गैस सिलेंडर सहित कार और रिफलिंग उपकरण बरामद किए गए. बरामद उपकरणों की कीमती करीब 85 हजार रुपए आंकी गई है.**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को पुरानी सिंधी कॉलोनी में दो व्यक्तियों के अवैध रूप से घरेलू गैस सिलेंडर से कार में गैस रिफलिंग करते मिले. पुलिस की कार्रवाई के दौरान अवैध गैस रिफलिंग करने वाला आरोपी मौके से फरार हो गया. पुलिस ने कार में रिफलिंग कराने वाले व्यक्ति को पकड़ लिया है.

पुलिस को यह जानकारी मिली कि बदमाश नाजिम खान स्थानीय निवासी है. नाजिम के खिलाफ पहले से ही तीन गैस रिफलिंग और मारपीट के आधा दर्जन अपराध दर्ज है. पुलिस देखकर वह मौके से भाग निकला. दूसरा व्यक्ति वाहन स्वामी, जो गैस रिफलिंग करा रहा था. उसे घेराबंदी कर मौके पर पकड़ा गया.आरोपी ने अपना नाम मनोज पुरी उर्फ मोनू उम्र 35 साल निवासी सिंधी कॉलोनी का बताया. आरोपी मनोज अवैध रूप से कार मे घरेलू गैस सिलेंडर से गैस रिफलिंग कर रहा था. पुलिस ने मौके एक सफेद रंग की कार, एक गैस सिलेंडर और गैस रिफलिंग के उपकरण जब्त किए हैं.

# प्रदेश में हल्की ठंड ने दी दस्तक

**भोपाल, 11 अक्टूबर. मध्यप्रदेश में मानसून सत्र अब समाप्ति की कगार पर है. अक्टूबर की शुरुआत के साथ ही दिन और रात के तापमान में उल्लेखनीय अंतर देखा जा रहा है.**

प्रदेश के कई हिस्सों में शाम होते ही हल्की ठंड महसूस की जाने लगी है, वहीं कुछ क्षेत्रों में अब भी बारिश जारी है. मौसम विभाग के अनुसार, आज सिंगरौली, सीधी, अनुपपुर, शहडोल, डिंडोरी, सिवनी, मंडला और बालाघाट जिलों में गरज-चमक के साथ हल्की वर्षा हो सकती है. इसके अलावा भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, खंडवा, खरगोन, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, देवास, शाजापुर, आगर, मंदसौर, नीमच, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, रीवा, मऊगंज, सतना, उमरिया, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पन्ना, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, मैहर और पांढुर्णा जिलों में भी छुटपुट वर्षा की संभावना जताई गई है.



### कहीं-कहीं तापमान में गिरावट

पिछले 24 घंटों में जबलपुर संभाग के जिलों में 2.2 डिग्री सेल्सियस तक तापमान में गिरावट दर्ज की गई है, जबकि शेष संभागों में तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं हुआ. इस अवधि में शहडोल और जबलपुर संभाग के कुछ स्थानों पर वर्षा दर्ज की गई, वहीं अन्य क्षेत्रों में मौसम शुष्क बना रहा. दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी रेखा रक्सौल, वाराणसी, जबलपुर, अकोला, अहिल्यानगर और अलीबाग से होकर गुजर रही है. अगले दो से तीन दिनों में महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल के शेष हिस्सों से मानसून की वापसी की परिस्थितियाँ अनुकूल बनी हुई हैं. इस बीच, पश्चिम-मध्य अरब सागर में चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है.


**नाम परिवर्तन**

में विजेता सिंह पुत्री सुरेंद्र सिंह ,निवासी भोपाल, मेरी पुत्री (किंजल शर्मा) की 10 वी की अंकसूची में माता का नाम विजेता शर्मा अंकित हो गया है जो कि गलत है, सही नाम विजेता सिंह है, भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए.

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम SHAFAAT KHAN S/O MOHD SHAFIQ था जो गलत था मेरा सही नाम MOHD SHAFAAT S/O MOHD SHAFIQ है । अतः अब भविष्य में मुझे MOHD SHAFAAT S/O MOHD SHAFIQ के नाम से जाना वह पहचाना जावेगा ।

पता 17 चौकी इमामबाड़ा हुजूर भोपाल म.प्र.462001

**:: आम सूचना ::**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम नरेला शंकरी स्थित भूमि खसरा क्रमांक 20/1/1 का अंशभाग रकबा 800 वर्गफिट भूमि जो कि जे.पी श्रीवास्तव के स्वत्व व स्वामित्व की हैं। जिनकी मृत्यु दिनांक 20.08.2021 को हो चुकी हैं। अतः उपरोक्त भूमि की रजिस्ट्री एवं अन्य संबधित दस्तावेज खो गए है जिस किसी को मिले वह नीचे दिए गए पते पर सम्पर्क करें।

**अतुल श्रीवास्तव पुत्र जे.पी श्रीवास्तव निवासी ई डीलक्स 19 फेस-2 ओल्ड मिनाल रेसीडेंसी जे.के रोड भोपाल**

**नाम परिवर्तन**

Nabeela Amjad W/o Amjad Rasheed आयु वयस्क, निवासी- 05 स्ट्रीट नं. 02, तलैया, गुलाम मेहबूब रोड हाथीखाना भोपाल मेरे पासपोर्ट में पहले मेरा नाम Nabeela Sabir दर्ज था, जो कि बदल कर मेरा नाम Nabeela Amjad हो गया है. अब मेरे दस्तावेज में मेरा नाम यही है. अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाएगा. आगे भविष्य में इसको लेकर कोई वाद-विवाद होता है तो इसकी जिम्मेदार स्वयं मैं रहूंगी.

**नाम परिवर्तन**

Fehmida Khanam W/o Mohammad Firdos आयु वयस्क, निवासी- सी-48, मयूर विहार कॉलोनी, सेठी नगर, भोपाल मेरे पासपोर्ट में पहले मेरा नाम Fahmida Khanam दर्ज था, जो कि बदल कर मेरा नाम Fehmida Khanam हो गया है. अब मेरे दस्तावेज में मेरा नाम यही है. अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाएगा. आगे भविष्य में इसको लेकर कोई वाद-विवाद होता हो तो इसकी जिम्मेदार स्वयं मैं रहूंगी.

**नाम परिवर्तन**

मैं हमजा अल्ताफ मसूद पिता श्री अल्ताफ मसूद, आयु वयस्क, निवासी- फ्लैट नंबर 201-202, 27-ए, गुलशन-ए-कबीर, नजदीक गुलमोहर गार्डन, ग्रीन वैली, बैरागढ़, भोपाल शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि पहले मुझे हमजा अल्ताफ पिता श्री अल्ताफ मसूद के नाम से जाना जाता था. यह कि मेरे सभी दस्तावेजों में हमजा अल्ताफ मसूद पिता श्री अल्ताफ मसूद दर्ज है. आज के बाद मुझे हमजा अल्ताफ मसूद पिता श्री अल्ताफ मसूद के नाम से जाना एवं पहचाना जाए.

**रेलवे भर्ती सेल**
**पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर**

**वर्ष 2025-26 के लिए खेल-कूद कोटा के अंतर्गत भर्ती**

**रोजगार सूचना सं. एनईआर/आरआरसी/एसक्यू/2025-26 दिनांक : 09.10.2025**

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि व समय | 11.10.2025, 10:00 बजे |
| ऑनलाइन आवेदन समाप्त होने की तिथि व समय | 10.11.2025, 18:00 बजे |

पूर्वोत्तर रेलवे में वर्ष 2025-26 के लिए खेलकूद कोटा (खुला विज्ञापन) के अंतर्गत विभिन्न खेलों के लिए लेवल-2/3/4/5 (ग्रुप 'सी') के 21 पदों तथा लेवल-1 (पूर्ववर्ती ग्रुप 'डी') के 28 पदों पर भर्ती हेतु पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। विस्तृत सूचना के लिए पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ner.indianrailways.gov.in देखें।

मुजाधि/आर.आर.सी.-03 — अध्यक्ष, रेलवे भर्ती सेल, गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

**भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
**(भारत सरकार का उद्यम)**

Bharat Petroleum | Shaping The Future

**उज्जैन (मध्य प्रदेश) में कैंप कार्यालय की आवश्यकता**

बीपीसीएल को उज्जैन, मध्य प्रदेश में परियोजना कार्यालय के लिए स्थान की आवश्यकता है। संपत्ति इंदौर-उज्जैन एनएच राजमार्ग 27 के दोनों ओर नानाखेड़ा बस स्टैंड, उज्जैन, मध्य प्रदेश के पास 1000 मीटर के दायरे में स्थित होनी चाहिए। प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं ताकि परियोजना कार्यालय के लिए उपयुक्त स्थान प्रदान किया जा सके, जिसमें न्यूनतम 2500 वर्ग फुट (232.3 वर्ग मीटर) कारपेट एरिया शामिल हो। यह कोई व्यक्तिगत घर, विला या फ्लैट हो सकता है जिसमें न्यूनतम 3 अलग-अलग कमरे/कैबिन, एक हॉल, और कॉमन एरिया हो जो ऊपर बताए गए क्षेत्रों में आसानी से उपलब्ध हो। भवन में सभी आवश्यक सुविधाएँ जैसे बिजली, पावर बैकअप, पानी, पर्याप्त पार्किंग, शौचालय आदि मौजूद होने चाहिए।

इच्छुक पक्ष अपने प्रस्ताव दो सीलबंद लिफाफों में प्रस्तुत कर सकते हैं।

**लिफाफा 1** – (प्रति माह प्रति वर्ग फुट बिल्ट-अप क्षेत्र के लिए प्रस्तावित किराया दर)

**लिफाफा 2** – संपत्ति का ब्लूप्रिंट, स्वामित्व रिकॉर्ड, हाल ही का बिजली बिल, संपत्ति कर रसीद और पानी बिल। साथ ही, मालिक का आधार कार्ड और पैन कार्ड भी।

संपूर्ण प्रस्ताव और सहायक दस्तावेज 26.10.2025 को 15:00 बजे तक नीचे दिए गए पते पर डाक या व्यक्तिगत रूप से जमा किए जा सकते हैं।

मेसर्स भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, वीबीपीएल, चाप्स एस्टेट,पहली मंजिल, तारा टावर्स के पास, करमसद वी वी नगर रोड, आनंद – 388325, गुजरात

**बोली दस्तावेज़ प्राप्त करने के लिए संपर्क**

**patidarpraveen@bharatpetroleum.in - 9928005434**

**पश्चिम मध्य रेल**

**म.रे.प्र./कार्य/भोपाल ■ खुली ई-निविदा सूचना ■ दि. 10.10.2025**

**वरिष्ठ मण्डल अभियंता/सम./पश्चिम मध्य रेल, भोपाल,** भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए उनके समक्ष दर्शाई गई दिनांक को 15.30 बजे तक ई-टेन्डर आमंत्रित करते है। संपुर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से सम्बन्धित पूर्ण जानकारी वेबसाईट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है एवं मण्डल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम मध्य रेल, भोपाल के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। इस टेन्डर के लिए कोई मॅन्युअल ऑफर मान्य नहीं है। इस निविदा में कोई आवश्यक संशोधन, यदि जरुरी हो, तो निविदा खुलने के पूर्व वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा, तथा मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर लगाया जायेगा। जिसे टेन्डर खुलने के दिन तक देखा जा सकता है। निविदाकारों से निवेदन है, कि वह जीएसटी कानुन 2017 के प्रावधानों के अनुसार अपने दर तथा निविदाएं प्रस्तुत करें। **NIT No.:** 25-26-W-18-86, Date 06.10.2025. **Name of work including Location: भाग-क) अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत शिवपुरी स्टेशन के विकास के लिए अतिरिक्त कार्य, जिसमें पहुँच मार्ग का चौड़ीकरण और प्लेटफार्म संख्या 2 को टो-वॉल एवं मिट्टी कार्य द्वारा सुदृढ़ बनाना शामिल है। भाग-ख) मियाना - मियाना रेलवे स्टेशन पर पहुँच मार्ग का निर्माण। Published cost of tender:** ₹ 2,76,18,973.63. **Earnest Money:** ₹ 2,88,100/-. **Completion Period:** 12 Months. **Last date for submitting tender:** 28.10.2025. **NIT No.:** 25-26-N-11-87, Date 09.10.2025. **Name of work including Location: भाग (क) - बीना नदी पम्प हाउस से बीना फिल्टर हाउस तक पाइप लाइन के भारी रिसाव की मरम्मत एवं रखरखाव तथा बीना नदी पम्प हाउस की भारी मरम्मत। भाग (ख) - बीना नदी पम्प हाउस से फिल्टर हाउस तक पाइप लाइन क्रॉसिंग के झगड़ा नाला पुल की भारी मरम्मत। Published cost of tender:** ₹ 1,76,85,655.21. **Earnest Money:** ₹ 2,38,400/-. **Completion Period:** 10 Months. **Last date for submitting tender:** 05.11.2025. **NIT No.:** 25-26-N-12-88, Date 09.10.2025. **Name of work including Location: बीना - एडीईएन बीना अनुभाग के अंतर्गत स्टेशनों और कॉलोनियों के लिए पानी के टैंकर द्वारा पेयजल की आपूर्ति। Published cost of tender:** ₹ 49,86,518.40. **Earnest Money:** ₹ 99,700/-. **Completion Period:** 12 Months. **Last date for submitting tender:** 05.11.2025.

**स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर**